an>

Title: Need to provide treatment to patients at AIIMS, Delhi in a time-bound manner.

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) ः मैं भारत सरकार का ध्यान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, अंसारीनगर, नई दिल्ली में इलाज हेतु आने वाले बिहार राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के गरीब, मजदूर, पिछड़ा, मध्यम एवं असहाय मरीजों के इलाज के क्रम में काफी लम्बा समय लगने की ओर दिलाना चाहता हूं। एम्स देश और दुनिया की एक प्रतिष्ठित संस्थान है। इसके प्रति लोगों में अटूट विश्वास है। विशेष रूप से बिहार के लोगों का तो ऐसा विश्वास है कि वे आंख मूंदकर के किसी दूसरे प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान में न जाकर सीधे एम्स, नई दिल्ली में इलाज कराने के लिए आते हैं। इस कारण एम्स, नई दिल्ली में हज़ारों-हज़ार बिहारी मरीजों की संख्या प्रतिदिन आती है। मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण मरीजों का पंजीकरण कराने, जांच कराने से लेकर ऑपरेशन कराने तक काफी लंबा समय लग जाता है। किसी-किसी मरीज को इतना लंबा समय ऑपरेशन का मिलता है कि वह मरीज और उसका अटेंडेंट डर जाता है कि कहीं मरीज के साथ कोई अनहोनी न हो जाये। वर्षों-वर्षों बाद ऑपरेशन का समय मिलने, जांच में महीनों-महीनों बाद का समय मिलने तथा ओ.पी.डी. का पंजीयन कराने में भी समय लगने के कारण दूर-दराज से, विशेष रूप से बिहार से आने वाले मरीजों को दिल्ली जैसे शहरों में रहकर इलाज कराने में काफी खर्च भी उठाना पड़ता है।

अतः उपरोक्त स्थिति के मद्देनज़र मैं भारत सरकार का ध्यान पुनः एम्स, नई दिल्ली की ओर दिलाना चाहता हूँ कि वहां मरीजों को जल्द से जल्द इलाज कराने हेतु तत्काल विशेष रूप से विशेष व्यवस्था करायी जाये, ताकि कम से कम समय में मरीजों के रोग का निदान करके उन्हें रोगमुक्त कर स्वस्थ एवं उनके जीवन को लम्बा बनाया जा सके।